प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 बुधवार** **दिनांक 11.03.2026**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1–जगदलपुर में एक सौ आठ माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण–पुलिस ने नक्सलियों के विभिन्न डम्प से सौ से अधिक हथियार, करीब साढ़े तीन करोड़ रूपये नगद और सोना भी बरामद किया।

2–मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर लोगों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

3–प्रदेश में आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में इलाज न होने का मुद्दा आज विधानसभा में गूंजा–स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस मामले की विभागीय समीक्षा कराई जाएगी।

4– नवा रायपुर में तेरह मार्च से ''आदि परब'' का आयोजन किया जाएगा।

**<u>माओवादी आत्मसमर्पण</u>**

बस्तर के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में आज एक सौ आठ माओवादियों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें चवालीस महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन माओवादी कैडरों पर कुल तीन करोड़ उनतीस लाख रूपये का इनाम घोषित था। ये माओवादी बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में सक्रिय थे।

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि सरकार की नीतियों और सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे अभियान के कारण माओवादी अब हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं। श्री शर्मा ने दोहराया कि आगामी इकतीस मार्च तक राज्य में नक्सलवाद समाप्त करने का हमारा लक्ष्य पूरा होगा।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि इन माओवादियों के आत्मसमर्पण से न केवल उन्हें आर्थिक क्षति पहुंची है, बल्कि इससे वे हतोत्साहित भी हुए हैं।

गौरतलब है कि आत्मसमर्पित माओवादियों की सूचना के आधार पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर नक्सलियों द्वारा छिपाए गए हथियारों के डम्प भी बरामद किए हैं। इनमें सात एके–फोर्टी सेवन रायफल, चार लाइट मशीन गन, ग्यारह बैरेल ग्रेनेड लॉन्चर सहित एक सौ एक हथियार शामिल हैं। इसके अलावा माओवादियों द्वारा एक स्थान पर छिपाकर रखी गई करीब तीन करोड़ साठ लाख रूपये की नगद रकम और एक किलो सोना भी बरामद किया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि बस्तर में अब बंदूक नहीं, बल्कि विश्वास की जीत हो रही है। उन्होंने कहा कि इन माओवादियों का समाज की मुख्यधारा में लौटना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बस्तर में शांति, सुशासन और विकास की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है।

**रसोई गैस आपूर्ति–निर्देश**

पश्चिम एशिया में चल रहे भू–राजनीतिक तनाव के मद्देनजर रसोई गैस की आपूर्ति सुगम बनाए रखने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर लोगों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एलपीजी के साथ ही पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। श्री साय ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता के अनुसार ही रसोई गैस की बुकिंग करें।

इस बीच, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने आज मंत्रालय में ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में घरेलू एलपीजी गैस और डीजल–पेट्रोल की उपलब्धता की समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में संचालित सभी पांच एलपीजी बॉटलिंग प्लांटों में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। खाद्य सचिव ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल फ्री कॉल सेंटर नंबर – **एक आठ शून्य शून्य – दो तीन तीन – तीन छह छह तीन** (1800–233–3663) पर संपर्क कर सकते हैं।

राज्य के विभिन्न जिलों में भी कलेक्टरों ने ऑयल कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति को फिलहाल रोका गया है। लेकिन, अस्पतालों, स्कूलों और छात्रावासों में आवश्यकतानुसार एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति जारी है।

## विधानसभा समाचार–01

राज्य विधानसभा में आज कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने बालोद जिले में हुए जंबूरी कार्यक्रम के दौरान किए गए खर्चे का मुद्दा उठाया। उन्होंने विभागीय मंत्री से आय–व्यय की जानकारी मांगी। इस पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने पूरे कार्यक्रम के दौरान अलग–अलग मदों में किए गए खर्चे का ब्यौरा पेश किया।
शिक्षा मंत्री ने कहा कि जंबूरी कार्यक्रम भारत स्काउट–गाइड के तय मानकों के हिसाब से हुआ है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य कांग्रेस विधायकों ने इस आयोजन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विधानसभा समिति से इसकी जांच कराने की मांग की। इसके बाद सत्तापक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच नोंकझोंक शुरू हो गई, जिसके बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन से बर्हिगमन कर दिया।

राज्य विधानसभा में आज प्रदेश में आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं होने का मुद्दा भी गूंजा। विपक्षी सदस्य कविता प्राण लहरे ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से सवाल किया कि निजी अस्पतालों में हितग्राहियों को आयुष्मान योजना का लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। सत्तापक्ष के विधायक अजय चंद्राकर, धरमजीत सिंह और अमर अग्रवाल ने भी इसे जनहित से जुड़ा संवेदनशील मामला बताया। आसंदी ने भी कहा कि इस पर स्वास्थ्य मंत्री को जल्द निर्णय लेना चाहिए। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आगामी एक सप्ताह में विभागीय समीक्षा कराकर अधिक से अधिक अस्पतालों में आयुष्मान योजना का लाभ हितग्राहियों को मिल सके, इस पर निर्णय लिया जाएगा।

## विधानसभा समाचार–02

शून्यकाल में विपक्षी सदस्यों ने सत्तापक्ष के विधायक रिकेश सेन को जान से मारने की धमकी देने का मुद्दा उठाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इस मामले में अब तक सरकार की ओर से कोई वक्तव्य नहीं आया है। इस पर आसंदी ने कहा कि सरकार की जानकारी में यह बात आ गई है, व्यक्तव्य की जरूरत नहीं है। इससे नाराज विपक्षी सदस्यों ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया।

विधानसभा में आज लोक निर्माण विभाग में एसओआर से कम दर पर ठेका लेकर काम अधूरा छोड़ देने का मामला भी उठा। सभापति ने लोक निर्माण मंत्री अरूण साव को सुझाव दिया कि ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करना चाहिए। इस पर मंत्री ने कहा कि आसंदी के निर्देश का सम्मान होगा।

## मंत्रिपरिषद निर्णय

राज्य मंत्रिमंडल ने कल शाम रायपुर में हुई बैठक में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन कर दिया है। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने इस बारे में बताया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। मंत्रिपरिषद ने राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित तेरह प्रकरणों को न्यायालय से वापस लिए जाने का भी अनुमोदन किया। इसके साथ ही अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर आधारित संयंत्रों और परियोजनाओं के लिए अनुदान की दरों का निर्धारण किए जाने के प्रस्ताव पर भी सहमति दी। इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने छह अन्य संशोधन विधेयकों के प्रारूप का भी अनुमोदन किया। इनमें छत्तीसगढ़ उपकर, नगर तथा ग्राम निवेश, गृह निर्माण मंडल, कर्मचारी चयन मंडल तथा लोक भर्ती और व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम संबंधी विधेयक शामिल हैं।

एक अन्य निर्णय में मंत्रिपरिषद ने राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन को राजगामी संपदा की पांच एकड़ भूमि आबंटित करने का निर्णय लिया है। इस भूमि पर अत्याधुनिक क्रिकेट अकादमी का निर्माण किया जाएगा।

## आदि परब

नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान परिसर में तेरह और चौदह मार्च को 'परम्परा से पहचान तक' की थीम पर "आदि परब" का आयोजन किया जाएगा। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और आदिवासी अनुसंधान तथा प्रशिक्षण संस्थान की संचालक हिना अनिमेष नेताम ने आज रायपुर में पत्रकारों से बात करते हुए आयोजन के संबंध में जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान यूपीएससी की परीक्षा में चयनित अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी डायमंड सिंह ध्रुव और अंकित साकनी का सम्मान किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप में ...

–प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है।

–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज विधानसभा परिसर में छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राधिकरण के उद्देश्य, कार्यप्रणाली, गतिविधियों और राजधानी क्षेत्र के समग्र तथा योजनाबद्ध विकास की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

–दुर्ग के शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में आज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू का जागरूकता और उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दो सौ से अधिक छात्र–छात्राओं और प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।